**भास्कर at a glance**

**मुंबई 235/9** vs **हैदराबाद 193/8**
• कहां हुआ: अबु धाबी
• कौन जीता: मुंबई
• कैसे: 42 रन से



मैन ऑफ द मैच **इशान** | सुपर स्ट्राइकर **अभिषेक**

**क्या किया:** अभिषेक ने 16 गेंद पर 33 रन बनाए। स्ट्राइक रेट 206।

**टर्निंग पॉइंट** मुंबई के इशान किशन ने पावर प्ले में 63 रन बनाए। रोहित के साथ उन्होंने 80 रन जोड़े। इशान ने 16 गेंद पर अर्धशतक बनाया। वे सीजन में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बने।

**लंबा छक्का** इशान ने 104 मीटर लंबा छक्का मारा।

**डॉट-बॉल हीरो** हैदराबाद के होल्डर ने 9 डॉट-गेंदें फेंकी।


**मुंबई इंडियंस कप्तान vs हैदराबाद कप्तान**

जब मुंबई जैसी फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हैं तो हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है। उम्मीद है कि फैंस का मनोरंजन हुआ होगा। **– रोहित शर्मा**

यहां की पिच अब तक की सर्वश्रेष्ठ थी। मुंबई हमारे सामने कड़ी चुनौती पेश करेगी। हम थोड़ी बेहतर गेंदबाजी कर सकते थे। **– मनीष पांडे**

आईपीएल 2021 • मुंबई 42 रन से जीता, केकेआर प्लेऑफ में पहुंची

# मुंबई अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाकर भी बाहर



**भास्कर न्यूज़** | अबु धाबी

आईपीएल 2021 के अंतिम लीग मैच में मुंबई ने हैदराबाद को 42 रन से हराया। इस मैच में जीत के बावजूद दो बार की डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने 235 रन बनाए। यह लीग में टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। किशन ने 32 गेंद पर 84 और सूर्यकुमार ने 40 गेंद पर 82 रन बनाए। हैदराबाद के 66 रन बनाते ही कोलकाता नाइटराइडर्स प्लेऑफ में पहुंचने वाले चौथी टीम बन गई। हैदराबाद 8 विकेट पर 193 रन ही बना सका। विलियम्सन के चोटिल होने पर कप्तानी कर रहे मनीष पांडे ने 69* रन बनाए। बुमराह, नीशम और कुल्टर ने 2-2 विकेट लिए।

## » स्कोर बोर्ड मुंबई ने टॉस जीता (बल्लेबाजी)

| मुंबई इंडियंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित कै नबी बो राशिद | 18 | 13 | 3/0 |
| इशान कै रिद्धिमान बो उमरान | 84 | 32 | 11/4 |
| हार्दिक कै जेसन बो होल्डर | 10 | 8 | 0/1 |
| पोलार्ड कै जेसन बो अभिषेक | 13 | 12 | 1/0 |
| सूर्यकुमार कै नबी बो होल्डर | 82 | 40 | 13/2 |
| नीशम कै नबी बो अभिषेक | 0 | 1 | 0/0 |
| क्रुणाल कै नबी बो राशिद | 9 | 7 | 1/0 |
| कुल्टर नाइल कै नबी बो होल्डर | 3 | 3 | 0/0 |
| पीयूष कै समद बो होल्डर | 0 | 2 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 11, **कुल:** 235/9.
**विकेट पतन:** 1-80, 2-113, 3-124, 4-151, 5-151, 6-184, 7-206, 8-230, 9-230.
**गेंदबाजी:** नबी 3-0-33-0, सिद्धार्थ 4-0-56-0, होल्डर 4-0-52-4, उमरान 4-0-48-1, राशिद 4-0-40-2, अभिषेक शर्मा 1-0-4-2.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेसन कै क्रुणाल बो बोल्ट | 34 | 21 | 6/0 |
| अभिषेक कै कुल्टर बो नीशम | 33 | 16 | 4/1 |
| मनीष पांडे नाबाद | 69 | 41 | 7/2 |
| नबी कै पोलार्ड बो पीयूष | 3 | 4 | 0/0 |
| समद कै पोलार्ड बो नीशम | 2 | 3 | 0/0 |
| प्रियम कै क्रुणाल बो बुमराह | 29 | 21 | 2/1 |
| होल्डर कै बोल्ट बो कुल्टर | 1 | 2 | 0/0 |
| राशिद कै एंड बो बुमराह | 9 | 5 | 2/0 |
| रिद्धिमान कै एंड बो कुल्टर | 2 | 5 | 0/0 |
| सिद्धार्थ कौल नाबाद | 1 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 10, **कुल:** 193/8. **विकेट पतन:** 1-64, 2-79, 3-97, 4-100, 5-156, 6-166, 7-1778-182. **गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-30-1, बुमराह 4-0-39-1, पीयूष 4-0-38-1, कुल्टर 4-0-40-2, नीशम 3-0-28-2, क्रुणाल 1-0-16-0.

**16** गेंद पर इशान ने फिफ्टी लगाई। यह लीग में मुंबई के लिए सबसे तेज फिफ्टी है।

**263** विकेट हुए हैं टी20 में चावला के। वे टी20 में सबसे सफल भारतीय गेंदबाज बने।

### बड़ा स्कोर बनाना मुश्किल चुनौती थी : मोर्गन

**शारजाह**|कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान इयोन मोर्गन ने यहां गुरुवार को आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स पर बड़ी जीत के बाद कहा कि टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना मुश्किल चुनौती थी। आईपीएल के दूसरे हाफ में वेंकटेश अय्यर और शुभमन गिल हमारे लिए स्टार खिलाड़ी रहे हैं। मोर्गन ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि हम अवसरों का लाभ उठाने में प्रतिभाशाली हैं। अगर आप इस पिच पर बहुत जल्दी विस्फोटक तरीके से खेलना शुरू कर देते हैं तो आप दबाव से बाहर निकल सकते हैं। मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाजों ने आक्रमण तरीके से खेलने पर काफी काम किया है। शाकिब के आने और प्रदर्शन करने से आंद्रे रसेल की कमी कम खल रही है, क्योंकि रसेल एक असल बल्लेबाज और गेंदबाज हैं।

**भास्कर at a glance**

**दिल्ली 164/5** vs **बेंगलुरू 166/3**
• कहां हुआ: दुबई
• कौन जीता: बेंगलुरू
• कैसे: 7 विकेट से



मैन ऑफ द मैच **श्रीकर भरत** | सुपर स्ट्राइकर **पृथ्वी शॉ**

**क्या किया:** पृथ्वी शॉ के 31 गेंद पर 48 रन। स्ट्राइक रेट 154।

**टर्निंग पॉइंट** बेंगलुरू के मैक्सवेल को मैच में जीवनदान मिला। अक्षर की गेंद पर उनका कैच छूटा। इसके बाद मैक्सवेल ने भरत के साथ शतकीय साझेदारी कर बेंगलुरू को जीत दिलाई। मैक्सवेल ने नाबाद 51 रन बनाए।

**लंबा छक्का** हेटमायर ने 89 मीटर लंबा छक्का मारा।

**डॉट-बॉल हीरो** आवेश खान ने 11 डॉट-गेंद फेंकी।


**बेंगलुरू कप्तान vs दिल्ली कप्तान**

गेम काफी कॉम्पिटिटिव था, जैसा आईपीएल में अक्सर होता है। अंत में केएस और मैक्सवेल की बल्लेबाजी बेहतरीन थी। **– विराट कोहली**

ओस की वजह से तेज गेंदबाजों के लिए मुश्किल हो गई थी। अच्छा महसूस नहीं कर रहे, क्योंकि ऐसे मैच हम जीतना चाहते हैं। **– रिषभ पंत**

बेंगलुरू ने पॉइंट टेबल में टॉप पर रही दिल्ली को 7 विकेट से हराया

# बेंगलुरू की 100वीं जीत, ऐसा करने वाली चौथी टीम



**भास्कर न्यूज़** | दुबई

सीजन के 56वें मैच में बेंगलुरू ने टेबल में टॉप पर रही दिल्ली को 7 विकेट से हराया। यह लीग में विराट की टीम की 100वीं जीत है। वह ऐसा करने वाली चौथी टीम है। मैच की आखिरी गेंद पर टीम को जीत के लिए 5 रनों की जरुरत थी। विकेटकीपर श्रीकर भरत ने आवेश खान की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 164/5 का स्कोर बनाया। पृथ्वी ने सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। बेंगलुरू ने तीन विकेट पर जीत हासिल कर ली। श्रीकर भरत (78) और ग्लेन मैक्सवेल (51) ने 111 रनों की नाबाद साझेदारी की। यह लीग में भरत की पहली फिफ्टी है।

## » स्कोर बोर्ड बेंगलुरू ने टॉस जीता (गेंदबाजी)

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी कै गार्टन बो चहल | 48 | 31 | 4/2 |
| धवन कै क्रिश्चियन बो हर्षल | 43 | 35 | 3/2 |
| पंत कै भरत बो क्रिश्चियन | 10 | 8 | 1/0 |
| श्रेयस कै क्रिश्चियन बो सिराज | 18 | 18 | 1/0 |
| हेटमायर कै कोहली बो सिराज | 29 | 22 | 2/2 |
| रिपल पटेल नाबाद | 7 | 7 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 9, **कुल:** 164/5.
**विकेट पतन:** 1-88, 2-101, 3-108, 4-143, 5-164.
**गेंदबाजी:** ग्लेन मैक्सवेल 3-0-29-0, मोहम्मद सिराज 4-0-25-2, जॉर्ज गार्टन 3-0-20-0, युजवेंद्र चहल 4-0-34-1, हर्षल पटेल 4-0-34-1, क्रिश्चियन 2-0-19-1.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कै रबाडा बो नोर्तजे | 4 | 8 | 0/0 |
| पडीक्कल कै अश्विन बो नोर्तजे | 0 | 1 | 0/0 |
| श्रीकर भरत नाबाद | 78 | 52 | 3/4 |
| डिविलियर्स कै श्रेयस बो अक्षर | 26 | 26 | 2/1 |
| ग्लेन मैक्सवेल नाबाद | 51 | 33 | 8/0 |

**अतिरिक्त:** 7, **कुल:** 166/3.
**विकेट पतन:** 1-3, 2-6, 3-55. **गेंदबाजी:** एरिचन नोर्तजे 4-0-24-2, आवेश खान 4-0-31-0, अक्षर पटेल 4-0-39-1, कागिसो रबाडा 4-0-37-0, आर. अश्विप 1-0-11-0, रिपल पटेल 3-0-22-0.

**केएल राहुल** (पंजाब)
626 रन
13 मैच
98* बेस्ट



**हर्षल पटेल** (बेंगलुरू)
30 विकेट
14 मैच
5/27 बेस्ट



**आईपीएल-14 पॉइंट टेबल**

| रैंक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दिल्ली कैपिटल्स | 14 | 10 | 4 | 20 | +0.48 |
| 2 | चेन्नई सुपरकिंग्स | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.45 |
| 3 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | 14 | 9 | 5 | 18 | -0.14 |
| 4 | कोलकाता नाइटराइडर्स | 14 | 7 | 7 | 14 | +0.58 |
| 5 | मुंबई इंडियंस | 14 | 7 | 7 | 14 | +0.11 |
| 6 | पंजाब किंग्स | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.00 |
| 7 | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 5 | 9 | 10 | -0.99 |
| 8 | सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 3 | 11 | 6 | -0.54 |

नेशंस लीग: वर्ल्ड चैंपियन फ्रांस ने नंबर-1 बेल्जियम को 3-2 से हराया

# 90वें मिनट में हर्नांडेज के गोल से जीता फ्रांस, पहली बार फाइनल में



**एजेंसी** | तूरिन

फुटबॉल का वर्ल्ड चैंपियन फ्रांस पहली बार नेशंस लीग के फाइनल में पहुंच गया है।

फ्रांस ने वर्ल्ड नंबर-1 बेल्जियम को 3-2 से हराया। आखिरी मिनट में थियो हर्नांडेज के गोल ने फ्रांस को जीत दिलाई। सेमीफाइनल में फ्रांस की टीम 40 मिनट तक पीछे थे, लेकिन दूसरे हाफ में फ्रांस ने तीन गोल जीत हासिल की। यह हर्नांडेज का फ्रांस के लिए दूसरा ही मुकाबला था। फ्रांस ने 2018 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भी बेल्जियम को हराया था। अब फ्रांस का खिताबी मुकाबला रविवार को स्पेन से मिलान में होगा। इस बीच, वर्ल्ड कप क्वालिफायर में ब्राजील ने वेनेजुएला को 3-1 से हराया। ब्राजील की टीम 27 मैच से हारी नहीं है। वहीं, असुन्सियन में क्वालिफायर में अर्जेंटीना और पराग्वे का मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा। अर्जेंटीना की टीम जून 2019 के बाद पहली बार गोल नहीं कर सकी। टीम 23 मैच से अजेय है।

## डॉजबॉल : आयुष व अभय ने मप्र को दिलाया रजत पदक

**जबलपुर**। सेंट एलॉयसियस कॉलेज के आयुष कोष्टा और कलानिकेतन पॉलिटेक्निक कॉलेज के अभय सिंह बघेल ने मध्यप्रदेश की डॉजबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर लुधियाना, पंजाब में आयोजित 14वीं सीनियर नेशनल डॉज बॉल चैंपियनशिप में रजत पदक जीता। फाइनल में दिल्ली ने मध्य प्रदेश को रोमांचक मुकाबले में मात्र एक अंक से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। 14 साल में पहली बार मध्य प्रदेश टीम फाइनल में पहुंची थी।

## निःशुल्क क्रिकेट शिविर कल से

**जबलपुर**| नगर निगम क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पं. राजेश दुबे की स्मृति में निःशुल्क क्रिकेट शिविर का आयोजन राइट टाउन मैदान में 10 से 24 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसमें अनुभवी कोच क्रिकेट की बारीकियां बताएंगे व खिलाड़ियों प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। शिविर में 6 से 18 वर्ष आयु तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी शिवम ठाकुर व दीपक विश्वकर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

## रिषिका और खुशी ने जीते स्वर्ण पदक

**जबलपुर**|21वीं रोप स्कीपिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की गई। मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जबलपुर के खिलाड़ियों ने 13 पदक प्राप्त किये। खिलाड़ियों का पदक वितरण समारोह शा. क. उ. मा. शाला ब्यौहारबाग में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसके शर्मा, चंदा सोनी, पीटीआई सारिका सिंह खान द्वारा पदक वितरण किया गया। नेशनल स्पर्धा के मिनी वर्ग में खुशी अहिरवार व वर्षिका यादव ने गोल्ड, जूनियर वर्ग में रिषिका श्रीवास्तव, तनिषा चौधरी व कंचन गौंड ने गोल्ड, किट्टू सोंधिया व चिराग ने कांस्य, ओपन कैटेगिरी में आकांक्षा सैनी ने सिल्वर, कीर्ति परिहार व निशी परिहार ने कांस्य, सीनियर वर्ग में प्रिया अहिरवार ने रजत पदक जीता।

## फुटबॉल : रिज क्लब 2-0 से जीता

**जबलपुर**। जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में शिवाजी मैदान, सदर में आयोजित रमेश चौकसे स्मृति क्लब लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में विद्या स्पोर्टिंग व नर्मदा क्लब के बीच खेला गया मैच गोलरहित बराबरी पर रहा। दूसरा मैच सीनियर क्लब लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में रिज क्लब व सिविल लाइन के मध्य खेला गया। खेल के 30वें मिनट में रिज क्लब को पेनल्टी मिली, जिसे रितेश ने गोल पर परिवर्तित कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। प्रथम हॉफ तक रिज क्लब 1-0 से आगे था। ब्रेक के बाद 70वें मिनट में रावत ने दूसरा गोल कर रिज क्लब को 2-0 से जीत दिला दी।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा मौजा सूखा, नं.बं.455, प.ह.नं.23/76, रा.नि.मं. महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर की कृषि भूमि जिसका खसरा नम्बर 134/1 एवं 134/2 जिसका कुल रकबा 1.4900 हेक्टेयर है, जो कि पैतृक सम्पत्ति है, को क्रय करने का सौदा गिरजा सिंह ठाकुर, देवनारायण सिंह ठाकुर, लखन सिंह ठाकुर, राम सिंह ठाकुर, श्रीमति रामरती, अनीता राघव सभी के पिता स्व. श्री प्रताप सिंह ठाकुर एवं अजीत सिंह ठाकुर एवं अतुल सिंह ठाकुर दोनों के पिता स्व. निरंजन सिंह ठाकुर, सभी मूल निवासी म.नं.64, ग्राम सूखा, पाटन रोड जिला जबलपुर वालों से किया जा रहा है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित हो। एक फोटो प्रति के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें। 15 दिवस के बाद की गई किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जायेगा।
जबलपुर दिनांक 08.10.2021
**नितिन कुमार पटेल** (एडवोकेट)
ऑ./निवास- 804, अग्रवाल कॉलोनी, कमला नेहरू नगर, जबलपुर
मो.9425389392, 9300547244
NARMADA 25314

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री प्रभजीत सिंह/ श्री इन्दरजीत सिंह मदन महल जबलपुर के निर्देश पर आम जनता को यह सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार का श्री राजीव अग्रवाल, श्री संजीव अग्रवाल, पिता गोविन्द प्रसाद अग्रवाल, अग्रवाल मोटर्स सर्विस बल्देवबाग चौराहा जबलपुर से प्लाट नं.47 कृष्णा होटल के बाजू से नेपियरटाउन जबलपुर के संबंध में कब्जे स्वामित्व का विवाद लंबित है अतः आम जनता को आगाह किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था उपरोक्त राजीव अग्रवाल व संजीव अग्रवाल से उपरोक्त प्लाट के संबंध में कोई संव्यवहार न करे अन्यथा वह स्वयं जिम्मेदार होगा। जबलपुर दिनांक 08.10.2021
**मनोज संघी** (एडवोकेट)
1357, राईट टाउन, जबलपुर मो.9300105673
NARMADA 25314

**कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास, क्रमांक-टी 2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत प्रवेश हेतु**
**(Institutional Preference Seats)**
**सत्र 2021-22**
**(बी.-आर्किटेक्चर/बी.-डी. फार्मेसी पाठ्यक्रमों के लिये)**

**बी.-आर्किटेक्चर/बी.-डी.-फार्मेसी पाठ्यक्रमों** में संस्थागत प्राथमिकता सीटों **(Institutional Preference Seats)** के लिये **काउंसलिंग दिनांक 09.10.2021 से दिनांक 25.10.2021 तक** आयोजित होगी। संस्थागत प्राथमिकता सीटों के अंतर्गत एआईसीटीई द्वारा स्वीकृत प्रवेश क्षमता के 10 प्रतिशत स्थानों तक ही प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि अधिकृत वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441, Email : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त,**
**तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
म.प्र. माध्यम/102253/2021

**अनुसूचित जातियों (SC) और पिछड़े हुए वर्गों (BC) के उद्यमियों के लिए**
**स्वर्णिम अवसर**

अनुसूचित जातियों और पिछड़े हुए वर्गों के लिए वेंचर कैपिटल फंड - VCFSC एवं VCFBC
- SC उद्यमियों के स्वामित्व वाली कम्पनियां 10 लाख से 15 करोड़ रुपये की उद्यम पूंजी निधि ले सकती हैं
  किसी प्रश्न के लिए ईमेल करें: funds@ifciventure.com
- BC उद्यमियों के स्वामित्व वाली कम्पनियां 20 लाख से 5 करोड़ रुपये की उद्यम पूंजी निधि ले सकती हैं
  किसी प्रश्न के लिए ईमेल करें: fundsbc@ifciventure.com

**एक नई पहल**
**अम्बेडकर सोशल इनोवेशन इन्क्यूबेशन मिशन (ASIIM)**
Technology Business Incubators के साथ इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रहे SC/SC दिव्यांग स्वामित्व वाली कम्पनियां 30 लाख रुपये तक की सहायता प्राप्त कर सकते हैं
किसी प्रश्न के लिए ईमेल करें: asiim@ifciventure.com

अनुसूचित जातियों के लिए ऋण गारंटी योजना (CEGSSC)
- बैंको द्वारा दिए गए ऋणों के लिए 15 लाख रुपये से 5.00 करोड़ रुपये तक क्रेडिट गारंटी का लाभ उठाएं
  किसी प्रश्न के लिए ईमेल करें: cegssc@ifciltd.com

विस्तृत विवरण के लिए सम्पर्क करें


**VCFSC, VCFBC & ASIIM**
ऑनलाइन आवेदन करें www.vcfsc.in
आईएफसीआई वेंचर कैपिटल फंड्स लिमिटेड
16वां तल, आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोन: 41732509/85/67/76/90/82/70/16; 26453319

**CEGSSC**
ऑनलाइन आवेदन करें www.ifcicegssc.in
आईएफसीआई लिमिटेड
आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोन: 41732117

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मत्रांलय**
भारत सरकार
(www.socialjustice.nic.in, www.pmindiagov.in,www.mygov.nic.in)
(*Terms & Conditions Apply)
my GOV मेरी सरकार

**ज़मीन की जंग, सिर्फ आप नहीं लड़ेंगे**
**न्याय की इस जंग में हम भी आप के साथ जुड़ेंगे**
दैनिक भास्कर

**ज़मीन की जंग भास्कर के संग**



**आपकी कोई भी शिकायत जैसे**
- समिति सदस्यों द्वारा अवैध राशि वसूलना
- एक भूखंड कई लोगों को बेच देना
- अवैध भूखंड को वैध बता कर बेच देना
- समय पर कब्जा नहीं देना
- मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराना
- विकास राशि नगर निगम या अन्य संस्था में जमा नहीं कराना

आप को आपका हक दिलाने के लिए दैनिक भास्कर लाया है ''जमीन की जंग'' एक ऐसा अभियान जिसके तहत आप की जमीन, प्लॉट, मकान, दुकान आदि से जुड़े सभी विवादित मामलों की जांच कर उसे भास्कर में प्रकाशित करेंगे एवं इस के लिए जिम्मेदार लोगों को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास करेंगे।

अगर आप की ऐसी कोई भी समस्या है तो उसे दैनिक भास्कर तक पहुंचाएं। आप अपनी शिकायतें संपूर्ण जानकारी के साथ हमें इस पते पर भेजे या फ़ोन करें -

"ज़मीन की जंग" दैनिक भास्कर विशम्भर भवन, 18, सिविक सेन्टर, जबलपुर - 482002 (म. प्र.) फोन 0761-2601352 - 53, या 9425357204 पर कृपया दोपहर 2 बजे से सम्पर्क करें।


www.readwhere.com